# ईडी ने फर्जी नौकरी केस में मारे छापे



**नई दिल्ली, 8 जनवरी. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार को देश भर में तलाशी अभियान चलाया.**

यह अभियान एक संगठित गिरोह को निशाना बनाते हुए चलाया गया, जिसने फर्जी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगा है. एक ईडी अधिकारी ने कहा, यह घोटाला शुरू में भारतीय रेलवे के नाम पर सामने आया था, लेकिन जांच में पता चला है कि इसमें वन विभाग, आरआरबी, भारतीय डाक, आयकर, उच्च न्यायालय, पीडब्ल्यूडी, बिहार सरकार, डीडीए और राजस्थान सचिवालय सहित 40 से ज़्यादा अन्य सरकारी संगठनों और विभागों के नाम पर धोखाधड़ी की गई है. ईडी ने बताया कि गिरोह ने सरकारी डोमेन की नकल करके फर्जी ईमेल खाते बनाये और लोगों को फर्जी भर्ती पत्र भेजे.

उन्होंने लोगों का विश्वास जीतने के लिए कुछ पीड़ितों को 2-3 महीने तक शुरुआती तनख्वाह भी दी, जिन्हें भारतीय रेलवे में आरपीएफ, टीटीई और टेक्नीशियन जैसे पदों पर रखा गया था. जांच के तहत, देश भर में 15 जगहों पर तलाशी जारी है. इनमें बिहार के मुजफ्फरपुर में एक जगह, मोतिहारी में दो, कोलकाता में दो जगह, केरल में चार, तमिलनाडु में एक, गुजरात में एक और उत्तर प्रदेश में चार जगहों पर छापे शामिल हैं.

### झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की कार्रवाई

**रांची, 08 जनवरी.** शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच कर रही एसीबी ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी नवीन केडिया को गोवा से गिरफ्तार कर लिया है. अब एसीबी उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची आएगी. इसके बाद उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी. एसीबी ने नवीन केडिया का गिरफ्तारी वारंट निकाला था. इसके बाद से ही वह फरार था. उसने जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी भी लगा रखी थी. उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे के कार्यकाल में मई 2022 में लागू उत्पाद नीति के दौरान छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारियों, प्लेसमेंट एजेंसियों को झारखंड में काम दिया गया था. इन कारोबारियों से कमीशन के रूप में मोटी रकम देकर झारखंड में काम देने का आरोप है. केडिया को भी विनय कुमार चौबे का करीबी बताया जा रहा है. अब पूछताछ में एसीबी को आगे की जानकारी मिलेगी. 13 अक्टूबर 2025 के बाद से नवीन केडिया के रूप में यह छठी गिरफ्तारी है. इससे पूर्व एसीबी ने 13 अक्टूबर 2025 को गुजरात के अहमदाबाद से प्लेसमेंट एजेंसी विजन हॉस्पिटालिटी सर्विसेज एंड कंसल्टेंट्स से जुड़े तीन आरोपितों परेश अभेसिंह ठाकोर, विक्रमासिंह, अभेसिंह ठाकोर व महेश शिडगे को गिरफ्तार किया था. 14 नवंबर को एसीबी ने छत्तीसगढ़ के विलासपुर से शराब कारोबारी राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू जायसवाल को गिरफ्तार किया था. 13 दिसंबर को महाराष्ट्र के ठाणे से एसीबी ने प्लेसमेंट एजेंसी मेसर्स मार्शन के निदेशक जगन तुकाराम देसाई को गिरफ्तार किया था.

## बिहार में कई न्यायालयों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**गयाजी, 8 जनवरी.** बिहार में गयाजी व्यवहार न्यायालय को ई- मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने से गुरुवार को कोर्ट परिसर में अफरातफरी मच गई. वही पटना हाई कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है. इसके बाद कई जगहों पर सतर्कता बरती जा रही है. वही बिहार के किसनगंज में बम से उड़ाने धमकी मिली. धमकी की सूचना मिलते ही न्यायालय में मौजूद न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, कर्मचारी और आम लोग तुरंत परिसर से बाहर निकल गये. सुरक्षा कारणों से पूरे न्यायालय परिसर को खाली करा लिया गया और सभी न्यायिक कार्य तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिये गये.

# तुर्कमान गेट हिंसा में 11 आरोपी गिरफ्तार

### 35 लोगों को चिन्हित किया



**नईदिल्ली, 8 जनवरी. दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में हुई पत्थरबाजी और हिंसा के मामले में सोशल मीडिया की भूमिका को लेकर जांच तेज हो गई है. पुलिस समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को भी पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी कर रही है.**

इस मामले में अब तक 11 आरोपी को हिरासत में लिया गया है. पुलिस का कहना है कि हिंसा में शामिल होने के संदेह में 35 लोगों को चिन्हित किया गया था, जिनमें से अब तक 25 की पहचान सीसीटीवी कैमरों और पुलिसकर्मियों के बॉडी-वर्न कैमरों की फुटेज के जरिए की जा चुकी है. दिल्ली पुलिस ने एक महिला सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को भी पूछताछ के लिए तलब किया है, जिस पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भड़काऊ पोस्ट करने का आरोप है. पुलिस अब सोशल मीडिया के जरिए भीड़ को उकसाने वाले लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की तैयारी में है.

सपा सांसद पर आरोप है कि हिंसा भड़कने से पहले वह घटनास्थल के पास मौजूद थे और उन्होंने कथित तौर पर भीड़ को उकसाया. वहीं, यूट्यूबर सलमान की भी तलाश की जा रही है, जिस पर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को इकट्ठा करने और हिंसा के लिए उकसाने का आरोप है.

> दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई पत्थरबाजी और हिंसा के मामले में जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त निधिन वलसन ने बताया कि मामले में लगातार जांच जारी है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कहा, हमने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है. अब तक एक नाबालिग समेत कुल 11 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की पर्याप्त तैनाती की गई है और स्थिति पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है.

# मिड-डे मील में 2 हजार करोड़ का घोटाला

**जयपुर, 08 जनवरी. राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मिड-डे मील योजना में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला उजागर कर राजस्थान राज्य सहकारी उपभोग संघ लिमिटेड (कॉनफेड) एवं निजी फर्मों के 21 नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया हैं.**

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कोविड-19 महामारी के दौरान विद्यालय बंद रहने की अवधि में राज्य सरकार द्वारा संचालित राज्य मिड- डे मील योजना के तहत स्कूली विद्यार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए कॉनफैड के माध्यम से दाल, तेल, मसाले आदि से युक्त कॉम्बो पैक की आपूर्ति करायी गयी थी. इस सामग्री को एफएसएसएआई एवं एगमार्क मानकों के अनुरूप बताते हुए राज्य के विद्यालयों तक डोर-स्टेप डिलीवरी किए जाने का दावा किया गया था. इस योजना के क्रियान्वयन में भारी अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त होने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा प्राथमिक जांच दर्ज की गयी है. एसीबी द्वारा की गयी प्राथमिक जांच के बाद की गयी विस्तृत जांच में यह तथ्य सामने आए कि मिड डे मील योजना से जुड़े अधिकारियों एवं कॉनफैड के अधिकारियों ने मिलीभगत कर षड़यंत्रपूर्वक नियमों में बदलाव किये.

> इसके परिणामस्वरूप पात्र एवं योग्य फर्मों को टेंडर प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया तथा अपनी चहेती फर्मों को अनुचित लाभ पहुंचाते हुए टेंडर आवंटित किये गये. इन फर्मों द्वारा आगे अन्य संस्थाओं को अवैध रूप से सबलेट कर दिया गया, जिनके माध्यम से फर्जी आपूर्तिकर्ताओं एवं ट्रांसपोर्टरों का एक संगठित नेटवर्क खड़ा किया गया. जांच में यह भी पाया गया कि कई मामलों में वास्तविक रूप से माल की खरीद एवं आपूर्ति किए बिना ही अधिक दरों के फर्जी बिल प्रस्तुत किये गये.

## जज केस कांड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, 08 जनवरी.** सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए संसद में चल रही कार्यवाही से जुड़े मामले में अपनी सुनवाई पूरी कर ली है. जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया. साथ ही कोर्ट ने दोनों पक्षों को सोमवार तक लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. ये मामला पिछले साल मार्च में जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने की घटना से जुड़ा है.

# टीएमसी आईटी सेल इंचार्ज के घर ईडी के छापे

- कार्रवाई के बीच ममता फाइल उठाकर निकलीं
- कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे

**कोलकाता, 08 जनवरी. एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म आई-पैक के ऑफिस और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की. प्रतीक ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं.**



पश्चिम बंगाल में कोलकाता समेत 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई. कोलकाता में प्रतीक छापेमारी के दौरान घर पर ही मौजूद रहे. यह कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11.30 बजे के बाद मामला बढ़ा. सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर प्रतीक के आवास पर पहुंचे. कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं. ममता वहां कुछ देर रुकीं. जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी.

> बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा, मैं छापेमारी पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा. लेकिन ममता बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसियों के काम में दखल दिया. ममता ने आज जो किया, वह जांच में बाधा डालना था. मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए. आई-पैक ऑफिस में वोटर लिस्ट क्यों मिली. क्या आई-पैक कोई पार्टी ऑफिस है.

## तीन आतंकियों को सेना ने घेरा

**श्रीनगर, 08 जनवरी.** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकी गतिविधियां सामने आई हैं. डोडा, किश्तवाड़ और उधमपुर के बसंतगढ़ के बाद अब कठुआ जिले के पहाड़ी क्षेत्र बिलावर में आतंकियों की मौजूदगी पाई गई है. यहां सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई, लेकिन आतंकी अंधेरे और जंगलों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे. गुरुवार सुबह से फिर से बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी मामूली रूप से घायल हो गया.यह मुठभेड़ बुशाम इलाके में उज्ज दरिया के कमांड क्षेत्र के पास हुई.

# बीएनपी नेता की हत्या

**ढाका, 08 जनवरी. बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वॉलंटियर विंग स्वेच्छासेबक दल के नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की बुधवार रात ढाका के कारवां बाजार इलाके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी.**



तेजगांव थाना वन श्रमिक संघ के महासचिव सुफियान ब्यापारी मसूद को घायल कर दिया। यह घटना देश में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच हुई। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (तेजगांव जोन) के अतिरिक्त उपायुक्त फजलुल करीम ने बताया कि मुसब्बिर को पंथपथ के बीआरबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मसूद को बाद में इलाज के लिए ढाका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। पुलिस और पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुसब्बिर शाम को शहर के एक होटल में शरीयतपुर के कुछ लोगों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद मुसब्बिर और मसूद पास की एक गली में चल रहे थे, तभी दो लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं.

# ट्रम्प ने अमेरिका को 66 वैश्विक निकायों से किया अलग

- राष्ट्रीय हित का दिया हवाला

**वाशिंगटन, 08 जनवरी (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रीय हित का हवाला देते हुए देश को 66 वैश्विक संगठनों से अलग करने की घोषणा की है.**



राष्ट्रपति ट्रम्प ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र से जुड़े निकायों सहित इन 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों, एजेंसियों और आयोगों से अब अमेरिका का कोई वास्ता नहीं है. आदेश के अनुसार, ये समूह अब अमेरिका के राष्ट्रीय हितों की सेवा नहीं करते हैं. राष्ट्रपति कार्यालय ने इन संगठनों की पहचान बेकार, अप्रभावी और हानिकारक संस्थाओं के रूप में की है। अमेरिकी प्रशासन की ऐसी समीक्षा का कार्य अभी जारी है, जिससे भविष्य में ऐसे संगठनों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। वर्तमान आदेश में मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र से जुड़े उन निकायों को निशाना बनाया गया है.

### नई डील में वेनेजुएला अमेरिकी उत्पादों पर खर्च करेगा

अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण के बाद वैश्विक राजनीति में नया कदम उठाया है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला अब अमेरिकी मध्यस्थता वाली तेल डील से प्राप्त रेवेन्यू का इस्तेमाल सिर्फ अमेरिका में बने उत्पादों को खरीदने में करेगा. इसमें कृषि उत्पाद, दवाइयां, मेडिकल उपकरण और ऊर्जा सुधार के लिए तकनीक शामिल हैं. ट्रंप ने इसे अमेरिका और वेनेजुएला दोनों के लिए रणनीतिक और लाभकारी कदम बताया. वेनेजुएला पर मादुरो के शासन के दौरान चीन, रूस और ईरान से भारी निर्भरता रही, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल पर कब्जे और मादुरो की गिरफ्तारी के बाद इस ट्रेंड में बड़ा बदलाव कर दिया है. ट्रंप ने घोषणा की है कि वेनेजुएला अब अमेरिका से केवल वहां निर्मित उत्पाद खरीदेगा. ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर बताया कि तेल समझौते से मिलने वाले रेवेन्यू का इस्तेमाल वेनेजुएला की खरीद के लिए अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स, किसानों और मेडिकल सप्लायर्स तक होगा. इसमें अमेरिका में बने कृषि उत्पाद, दवाइयां, मेडिकल उपकरण और ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हार्डवेयर शामिल हैं. अमेरिका ने एक नया फ्रेमवर्क लागू किया है, जिसके तहत वेनेजुएला की तेल बिक्री और उससे होने वाली कमाई अमेरिकी निगरानी में होगी. अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि यह व्यवस्था तेल बाजार की कीमत पर बेचे जाने वाले उत्पादों को नियंत्रित करेगी और कमाई अमेरिकी-कंट्रोल्ड सिस्टम से होगी.

# बांग्लादेश को जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने की तैयारी में पाकिस्तान

- दोनों देशों के एयरफोर्स चीफ ने बातचीत की

**ढाका, 08 जनवरी. पाकिस्तान बांग्लादेश को जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट बेचने की तैयारी में है। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच इस्लामाबाद में बातचीत हुई है. पाकिस्तानी सेना ने इसकी पुष्टि की है.**

पाकिस्तान एयरफोर्स प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिधु और बांग्लादेश वायुसेना प्रमुख हसन महमूद खान के बीच बैठक हुई. इसमें जेएफ-17 थंडर लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री और रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई. जेएफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर विकसित किया है. यह विमान हवा से हवा और हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम माना जाता है और पाकिस्तान वायुसेना में पहले से सेवा में है. रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 'सुपर मुश्शक' ट्रेनर विमान की फास्ट-ट्रैक डिलीवरी का भरोसा भी दिया है. इसके साथ पायलट ट्रेनिंग और लॉन्ग-टर्म सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराने की बात कही गई है. पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा चल रही है.

## एक नजर में



### मकड़ी के जहर से बनी दवा का परीक्षण

**सिडनी, 08 जनवरी.** ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने दुनिया की सबसे खतरनाक मकड़ियों में से एक के जहर से तैयार दवा का दिल के दौरे और स्ट्रोक मरीजों पर नैदानिक परीक्षण शुरू किया है. शोधकर्ताओं ने गुरुवार को यह जानकारी दी. ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड (यूक्यू) के एक बयान के अनुसार, फेज 1 क्लीनिकल ट्रायल के दौरान आईबी409 नामक दवा की सुरक्षा, सहनशीलता और इसकी सही खुराक का परीक्षण किया जायेगा. यह एक नयी दवा है. इसे बायोटेक्नोलॉजी कंपनी इन्फेंसा बायोसाइंस ने ऑस्ट्रेलियाई फनल-वेब मकड़ी के जहर में पाये जाने वाले अणु से विकसित किया है. यूक्यू के इंस्टीट्यूट फॉर मॉलिक्यूलर बायोसाइंस के प्रोफेसर ग्लेन किंग ने कहा कि उनकी टीम ने एचआई1ए के साथ बेदह आशाजनक प्री-क्लीनिकल परिणाम प्रकाशित किये हैं.

### डिजिटल जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से

**नईदिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना 2027 के पहले चरण की समय-सीमा औपचारिक रूप से अधिसूचित कर दी है. इस चरण में घरों और आवासों की सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस) का कार्य शामिल होगा, जो 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 के बीच प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा निर्धारित 30 दिनों की अवधि में पूरा किया जाएगा. अधिसूचना में स्व-गणना का विकल्प भी जोड़ा गया है, जो घर-घर सूचीकरण शुरू होने से ठीक 15 दिन पहले उपलब्ध होगा. इससे नागरिक ऐप या पोर्टल के माध्यम से खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे. यह जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित 2021 की जनगणना के बाद आयोजित की जा रही है और दो चरणों में पूरी होगी. पहला चरण घरों की सूचीकरण और आवास स्थिति का होगा, जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में होगा.

### अमेरिका में अधिकारी ने की महिला की हत्या

**वाशिंगटन.** अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में बड़ी घटना हुई है. यहां सख्त इमिग्रेशन नीति से जुड़े अभियान के दौरान इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) के एक एजेंट ने 37 वर्षीय अमेरिकी महिला रेनी निकोल गुड को गोली मार दी. गोली लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई. घटना शहर के दक्षिणी हिस्से में ईस्ट और पोर्टलैंड एवेन्यू के पास हुई है. इस घटना के बाद शहर के लोगों में भारी गुस्सा देखा गया और वो विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आए. भड़के लोगों ने ट्रंप के विरोध में जमकर नारे भी लगाए. डीएचएस और प्रशासन के प्रवक्ताओं ने कहा कि महिला ने अपने वाहन को हथियार बनाकर आईसीई अधिकारियों को कुचलने की कोशिश की थी. उन्होंने इसे घरेलू आतंकवाद करार दिया और दावा किया कि एजेंट ने अपनी और साथी अधिकारियों समेत जनता की सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा में गोली चलाई थी.

# लोगों की भावना को समझती है आम आदमी पार्टी

- कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा

**अमृतसर, 08 जनवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक कार्यक्रम के दौरान नशे के मुद्दे पर सरकार पर जमकर हमला बोला.**

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ही वह पार्टी है जो आम लोगों की भावनाओं को समझती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका देती है. यही वजह है कि आज एक आम आदमी पंजाब का मुख्यमंत्री बना है. केजरीवाल ने कहा, भगवान ने आप सभी को सेवा का अवसर दिया है, अब पूरी ईमानदारी और मेहनत से जनता की सेवा करें.



> आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक कार्यक्रम के दौरान पंजाब के सभी नव-निर्वाचित जिला परिषद और ब्लॉक समिति सदस्यों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक पहुँचा काम और जनता का भरोसा साफ़ तौर पर दिखाता है कि पंजाब की जनता ने काम की राजनीति को चुना है। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब में जनभागीदारी, ईमानदारी और विकास के मॉडल को और अधिक मज़बूती के साथ आगे बढ़ाएगी.

# बीएचईएल ने बीसीजीसीएल की परियोजना के लिए

### कोयला गैसीकरण पैकेज का ऑर्डर प्राप्त किया

**नई दिल्ली, जनवरी 8.** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल), जो कि बीएचईएल और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का संयुक्त उद्यम है, से झारसुगुड़ा, ओडिशा में अपनी कोल-टू-2000 टीपीडी अमोनियम नाइट्रेट परियोजना के लिए कोयला गैसीकरण और रॉ सिनगैस क्लीनिंग पैकेज का अनुबंध प्राप्त किया है. इस अनुबंध के अंतर्गत कोयला गैसीकरण और रॉ सिनगैस क्लीनिंग सुविधाओं की इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण, कमीशनिंग और प्रदर्शन गारंटी शामिल है, जो एकीकृत रासायनिक परिसर की मुख्य प्रक्रिया इकाइयां हैं. कार्य के दायरे में गैसीफायर और संबंधित सहायक उपकरण, स्टीम जनरेशन प्लांट, एयर सेपरेशन यूनिट, कोयला और राख हैंडलिंग सिस्टम और कूलिंग टावर सुविधाएं शामिल हैं. इस परियोजना में बीएचईएल की इन-हाउस विकसित प्रेशराइज्ड फ्लूडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन (पीएफबीजी) तकनीक का उपयोग किया जाएगा तथा यह इसका पहला वाणिज्यिक-स्तर का अनुप्रयोग होगा.

## आज का इतिहास

- 1811 – जीन-पियरे ब्लैंचर्ड ने अमेरिका में गुब्बारे से पहली उड़ान भरी.
- 1816 – हम्फ्री डेवी ने खनिकों के लिए डेवी लैंप का परीक्षण किया.
- 1873 – नेपोलियन तृतीय का निधन.
- 1911 – विश्व का पहला महिला गोल्फ टूर्नामेंट आयोजित हुआ.
- 1915 – दक्षिण अफ्रीका से वापसी के बाद महात्मा गांधी बम्बई पहुंचे.
- 1927 – पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन शुरू करने वाले सुंदरलाल बहुगुणा का जन्म.

**कार्यक्रम** | वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों को दिया संदेश

# हमारा दिल हमेशा वर्दीधारी होना चाहिए : एपी सिंह

**नई दिल्ली, 08 जनवरी. वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों को कैरियर के संबंध में एक सशक्त संदेश दिया कि उन्हें असफलताओं से डरना नहीं चाहिए क्योंकि असफलता अंत नहीं बल्कि अक्सर महानता की शुरुआत होती है.**



उन्होंने कैडेटों से एनसीसी के मूल्यों को हमेशा याद रखने का आह्वान करते हुए कहा, हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए. एयर चीफ मार्शल सिंह ने यहां दिल्ली छावनी स्थित एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया. कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने जीवन के बेहद व्यक्तिगत अनुभव साझा किए जिनमें बचपन में स्कूल में दाखिला न मिल पाने से लेकर सेवा के दौरान पहले पदोन्नति बोर्ड में चूकना तक शामिल है.

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद वह दुनिया की सबसे शक्तिशाली वायु सेनाओं में से एक के प्रमुख बने. युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक विकास प्रतिस्पर्धा से नहीं, आत्म-सुधार से होता है. उन्होंने कहा, यदि आप दूसरों से प्रतिस्पर्धा करेंगे, तो जिस दिन आप उनसे आगे निकल जाएंगे, उस दिन आपकी प्रगति रुक जाएगी. अपने आप से प्रतिस्पर्धा करें. आज से बेहतर बनने का प्रयास करें. दृढ़ संकल्प के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि असफलता प्रयास का स्वाभाविक परिणाम है.

> उन्होंने कहा, केवल वही लोग असफल होते हैं जो प्रयास करते हैं. जो कुछ नहीं करते, वे कभी असफल नहीं होते. अपने जीवन की सच्ची घटनाएं साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें हरियाणा के राई स्थित स्पोर्ट्स स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पाया था. उन्होंने यह भी बताया कि एक बार वह अपनी पदोन्नति परीक्षा में चूक गए थे, जिससे उनकी पदोन्नति अपने बैच के सहयोगियों की तुलना में एक वर्ष देर से हुई.

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार का संकल्प : सीएम योगी

**गोरखपुर, 8 जनवरी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है.**



योगी ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले. हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो. गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं. कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए. उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना.